आज़ादी का अमृत महोत्सव

पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

प्रयागराज मण्डल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते तीन जोड़ी रेलगाड़ियाँ प्रभावित

जबलपुर 12 अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा उत्तर मध्य रेल के प्रयागराज मण्डल में 12 से 24 अक्टूबर की अवधि में मानिकपुर स्टेशन का यार्ड रिमॉडलिंग कार्य प्री–एनआई तथा नॉन इंटरलॉकिंग के तहत किया जा रहा है जिसके चलते इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियाँ प्रभावित रहेगी। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी रेलगाड़ियाँ निरस्त रहेगी। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद गाड़ियों की समयबद्धता में सुधार होगा, रेलगाड़ियों की गति में वृद्धि होगी, परिणामस्वरुप रेलयात्रियों का कीमती समय बचेगा।

निरस्त की गई रेलगाड़ियाँ :–

1) 06635 सतना–मानिकपुर मेमू ट्रेन – दिनांक 12.10.2022 से 21.10.2022 तक।
2) 06636 मानिकपुर–सतना मेमू ट्रेन – दिनांक 12.10.2022 से 21.10.2022 तक।
3) 06637 सतना–मानिकपुर मेमू ट्रेन – दिनांक 12.10.2022 से 21.10.2022 तक।
4) 06638 मानिकपुर–सतना मेमू ट्रेन – दिनांक 12.10.2022 से 21.10.2022 तक।
5) 11117 इटारसी–प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन – दिनांक 20.10.2022 को।
6) 11118 प्रयागराज छिवकी–इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन – दिनांक 21.10.2022 को।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करे।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/453/2022 दिनांक 12.10.2022

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें.

'सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर